# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 23.03.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदय श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

**(2).** आज दिनाँक 23.03.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधों की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले 11 अभियुक्तों के विरूद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी।

**(क).** प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी द्वारा अभियुक्त 1. कल्लू यादव उर्फ ओमप्रकाश पुत्र जागेश्वर निवासी रामपुर 2. अखिलेश उर्फ कुमकुम पुत्र राधेकृष्ण उपाध्याय निवासी नहरा 3. भैरव लाल उर्फ भैरवदयाल उर्फ भूरा पुत्र भगौना निवासी औदहा 4. तुलसी पुत्र बंसी निवासी गड़ौली थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

(क). प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री श्याम प्रताप पटेल द्वारा अभियुक्त 1. राजबहादुर पुत्र स्व0 फेरम निवासी नोनार 2. रिंकू उर्फ संजय पुत्र प्रेमचन्द्र कोटार्य निवासी सिकरीसानी 3. सोनू यादव पुत्र सुरेन्द्र कुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी मकरी पहरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

(ख). प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह द्वारा अभियुक्त 1. कल्लू कोल पुत्र ललिवा निवासी सकरौंहा 2. अजय कुमार पुत्र रामलखन निवासी गुरौला थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

(ग). प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री राकेश मौर्या द्वारा अभियुक्त 1. अमर बहादुर पुत्र साबहदीन 2. देशराज पुत्र साबहदीन निवासीगण किटहाई खोहर थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधों की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा श्री शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अब्दुल खलील तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त राजुल पटेल पुत्र रामलखन पटेल निवासी उड़कीमाफी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध धारा 03/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगी:-**

01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तारी करने वाली टीम:-**

1. उ0नि0 श्री अब्दुल खलील थाना रैपुरा
2. आरक्षी राममूरत मिश्रा
3. आरक्षी नन्हे यादव

**(6)** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 06 अभियुक्तों के कब्जे से 100 क्वार्टर देशी व 39 लीटर कच्ची शराब 02 क्विंटल लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गये।

**(1).**उ0नि0 श्री रामकुमार थाना भरतकूप तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त चिरौंजीलाल पुत्र जौहरीलाल निवासी मुकुन्दपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

**(2).** उ0नि0 श्री अजहर जमाल थाना भरतकूप तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त पुत्तीलाल उर्फ लवलेश पाण्डेय पुत्र सीताराम निवासी इटखरी भैसोंधा थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को 09 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

**(3).** उ0नि0 श्री बालकिशुन थाना भरतकूप तथा उनके टीम द्वारा अभियुक्त खोजेलाल वर्मा पुत्र मलिक वर्मा निवासी करारी गोंडा थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

**(4).** उ0नि0 श्री चन्द्रमणि पाण्डेय थाना सरधुवा तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त ज्ञानेन्द्र द्विवेदी पुत्र राजनारायण निवासी तीर धुमाई गंगू थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

**(5).** चौकी प्रभारी खण्डेहा श्री विनय विक्रम सिंह तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त सुरेश पुत्र नत्थु प्रसाद निवासी बरिया थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 35 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

**(6).** उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार थाना मानिकपुर तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त आनंद कुमार उर्फ़ झुल्लू कोल पुत्र रज्ज़ा कोल निवासी आमरपुरवा मजरा ऊँचाड़ीह थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को 30 लीटर कच्ची शराब, 02 क्विंटल लहन व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया।

(7). आज दिनाँक 23.03.2024 को आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी चित्रकूट श्री उमेशचन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा थाना भरतरकूप अन्तर्गत वल्नरेबुल मतदान केन्द्र बंदरी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के साथ चौपाल का आयोजन कर ग्रामवासियों को स्वतंत्र,निर्भीक मतदान करने हेतु जागरुक किया गया तथा इस दौरान 90 वर्षीय वृद्ध मतदाता को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर श्री सौरभ यादव, थानाध्यक्ष भरतकूप श्री प्रवीण कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(8) आज दिनांक 23.03.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी नगर/चुनाव श्री राज कमल की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में थाना/चौकियों में चुनाव का कार्य देख रहे चुनाव नोडल उ0नि0,चुनाव मुंशी,सी0सी0टी0एन0एस का कार्य देख रहे कम्प्यूटर ऑपरेटर/आरक्षियों को क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की आईसीपीसी की फीडिंग के सम्बन्ध प्रशिक्षित करते हुए, सीपीएमएफ के ठहरने स्कूलों / स्थानों के लाइजनिंग अधिकारियों को चुनाव सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।
इस दौरान सीसीटीएनएस जिला कॉर्डिनेटर श्री मनीष वर्मा द्वारा सीसीटीएनएस सम्बन्धित समस्त फॉर्मों की फीडिंग सतप्रतिशत करने हेतु निर्देशित किया गया ।
मीटिंग के दौरान चुनाव सेल प्रभारी श्री प्रदीप कुमार यादव,निरीक्षक श्री शम्भू दयाल मौर्य,थानों में नियुक्त लाइजनिंग अधिकारी/चुनाव मुंशी मौजूद रहे।

(9). आज दिनाँक 23.03.2024 को आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी राजापुर श्री प्रमोद कुमार झॉ एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी की उपस्थिति में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को थाना सरधुवा अन्तर्गत अति संवेदनशील तथा संवेदनशील मतदान केन्द्र लामियारी एवं दरसेड़ा का निरीक्षण किया गया एवं थाना क्षेत्र में पड़ने वाले शराब की दुकानों की चेकिंग की गयी। तत्पश्चात अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट/ बैरियर लामियारी का निरीक्षण किया गया।

(10) पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण,भयमुक्त एवं स्वतंत्र सम्पन्न कराए जाने हेतु थानाध्यक्ष मनीष कुमार के मार्गदर्शन में थाना मारकुण्डी पुलिस एवं सशस्त्र बल के जवानों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम छरिया बुजुर्ग,करौहा,गोपीपुर एवं मारकुण्डी कस्बा में एरिया डोमिनेशन कर मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया, इस दौरान आम जनता को भरोसा दिलाया कि निर्भीक एवं स्वतंत्र होकर मतदान करें।